

# राम नवमी के पावन अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव 2026 का शुभारंभ करने जाम सांवली धाम पधार रहे है प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव





**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 25 मार्च.** जामसांवली धाम में इस वर्ष आयोजित होने जा रहा हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नही, बल्कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक चेतना, आस्था और विकास की दृष्टि का प्रतीक बनकर उभर रहा है। 26 मार्च को रामनवमी के मंगल दिन संस्थान के विशेष आग्रह पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा म. प्र. पर्यटन विभाग द्वारा विकसित हनुमान लोक परियोजना तथा मंदिर संस्थान द्वारा निर्मित किये गये नवनिर्मित विशाल सभामंडप का लोकार्पण तथा हनुमान जन्मोत्सव 2026 का शुभारंभ करने आगमन हो रहा है।

हनुमान लोक परियोजना केवल एक मंदिर परिसर का विस्तार नही है बल्कि यह आधुनिक तकनीक और पौराणिक परंपराओं के समन्वय का एक जीवंत उदाहरण है मंदिर परिसर में 30 एकड क्षेत्र में विकसित हो रहा यह कॉरिडोर, प्रदेष के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है। जिस तरह उज्जैन का महाकाल लोक देष-विदेष में आस्था का केन्द्र बना, उसी तर्ज पर जामसांवली धाम भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। इसमें आस्था के साथ साथ जनभागीदारी और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का व्यापक समावेष है।

**1 साल वर्ष से कम अवधि में जामसांवली धाम ने लिया नया रूप:** संस्थान अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा ने बताया कि, संस्थान के सदस्यो, श्रद्धालुओ, दानदाताओ के सहयोग से मंदिर मे विगत 1 वर्ष मे अनेक विकास कार्य हुए है । मंदिर के विकास कार्यो में प्रमुख रूप से 5 करोड से अधिक मूल्य की मंदिर परिसर से लगी 11 एकड जमीन क्रय की म. प्र. शासन से, गौषाला हेतू 25 एकड भूमि का आबंटन नवनिर्मित सर्वसुविधा युक्त सभामंडप, श्रद्धालुओ हेतू प्रसादम व्यवस्था, सभी भक्त निवासो का जीर्णाधार, लिफ्ट, सुचारू व्यवस्था हेतू प्रषासनिक भवन, प्रसाधन, आरओ पेयजल व्यवस्था, पूजा सामग्री दुकानो का विस्थापन, पेवर ब्लॉक, स्ट्रीट लाईट, पार्किंग क्षेत्र, सोलर स्थापना, संस्थान के पास एक वर्ष में 28 एकड से बढकर लगभग 68 एकड जमीन हो गई है ।

**प्रस्तावित कार्य:** मंदिर गर्भगृह निर्माण कार्य हनुमान लोक द्वितीय चरण में चिरंजीवी पथ, नाला संरक्षण, सौदीर्यकरण, वृहद एसटीपी का निर्माण, सोलर प्लांट विस्तारीकरण, मानसिक पुनर्वास केन्द्र स्थापना आदि कार्य प्रस्तावित है ।



**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का आयोजन:** मुख्यमंत्री जी को आगमन उपरान्त संस्थान द्वारा मराठा संस्कृति अनुसार मुख्य द्वार हनुमान लोक पर स्वागत, चिरंजिवी पथ भ्रमण परिसर भ्रमण, विभिन्न झाकिया, पुष्प वर्षा कर मंदिर प्रांगण तक लाया जाएगा।

तद्उपरान्त ढोल पथक, कलश पुजन कर चैखट पूजन हेतू सभामंडप मुख्य द्वार पर विधि विधान से देहडी पूजन करेंगे, पश्यात प्रवेश कर गर्भगृह मे श्रीमूर्ति का पूजन करेंगे ।वही पूजा पश्च्यात निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों का सम्मान करेंगे ।पष्चात राम सभा को संबोधित करेंगे।

**हनुमान जन्मोत्सव 2026 धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृखंला में**

26 मार्च-

सर्वप्रथम 26 मार्च को 12 बजे श्री राम जन्म, गोदावरी उपासनी केन्द्र की बहनो द्वारा,

1. समय 11 बजे मान. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हनुमान लोक एवं नवनिर्मित सभामंडप का लोकार्पन
2. समय 12 बजे श्री राम जन्म, गोदावरी उपासनी केन्द्र की बहनो द्वारा,
3. प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक हरिकिर्तन वारकरी संप्रदाय के प्रमुख संतो द्वारा

28 मार्च-

संध्या 7:30 बजे श्रद्धेय विवेक जी महाराज द्वारा श्री हनुमत चरित्र का वाचन,

29 मार्च-

29 मार्च से 2 अप्रेल प्रतिदिन दोपहर 3बजे से 6 बजे तक पदमविभूषण जगदगुरू रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा,

31 मार्च-

समय संध्या 7:30 बजे देष विदेष मे ख्याति प्राप्त श्री रसराज महाराज सहित 11 हजार श्रद्धालूओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ,

1अप्रैल-

समय रात्रि 8:30 बजे सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मेहूल की भजन संध्या होगी।

2 अप्रैल-

रात्रि 2:00 बजे महाभिषेक वाराणासी से आये पूरोहितो द्वारा

प्रात: 4:00 बजे महाआरती

ये सभी आयोजन आध्यात्मिक एवं धार्मिक वातावरण का निर्माण करेगे। आयोजनों के लिये प्रशासन एवं संस्थान द्वारा वाटरफ्रुफ पंडाल, पेयजल, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन जैसी व्यवस्थायें सुनिष्चित की है। संस्थान का आकलन हैं की 10 लाख से अधिक दर्शनार्थी इस वर्ष हनुमान जन्मोस्तव में आयेंगे।

यह आयोजन आनेवाले समय में जामसांवली धाम को न केवल श्रद्धा का केन्द्र बनायेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास, रोजगार और सांस्कृतिक पहचान का भी नया अध्याय लिखेगा।



## सरस्वती शिशु मंदिर बेरडी में वार्षिक परीक्षा परिणाम अंकसूची वितरण सहित हुआ घोषित

**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 25 मार्च.** आजसरस्वती शिशु मंदिर बेरडी भैया बहिन, अभिभावक बन्धु भगिनी, शाला विकास समिति के सदस्य एवं आचार्य परिवार की उपस्थिति में कक्षा -अरुण से अष्टम तक सभी कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । जिसमें कक्षा अरुण से गौरी प्रमोद हिवसे (प्रथम )-95 .61%, देवांशी अनिल गैरवार (द्वितीय )-93 .23%, शिवांश प्रमोद जाने (तृतीय )-91 .8%, कक्षा-उदय से ज्ञानवी मारोती गुर्वे (प्रथम )-93 .05%, वेदिका राजेंद्र गावंडे (द्वितीय )-89 .33%, अंश जितेंद्र दीक्षित (तृतीय )-88 .29%, कक्षा -प्रभात से आयांश उमेश सहस्त्रबुध्दे (प्रथम )-89 .71%, तनुश्री देवेन्द्र रुंघे (द्वितीय )-87 .04%, विधी मनोज गायकवाड एवं खुशी प्रमोद गुर्वे (तृतीय )-85 .71%, कक्षा -प्रथमा से भुमिका हरिष अढाऊ (प्रथम )-95 .96%, निकुंज सतिश मंगरुलकर( द्वितीय )-93 .5%, सिया सत्येंद्र दीक्षित (तृतीय)-91 .86%, कक्षा द्वितीय से यश मारोती गुर्वे (प्रथम )-98%, पार्थ निलेश मस्के (द्वितीय)-95 .3%, आयुष ओमकार लाड (तृतीय)-93 .3%, कक्षा तृतीय से कुमकुम प्रकाश वाघ (प्रथम )-95%, रिध्दी दीपक उपासे (द्वितीय)-93 .47%, ग्रिशु राजेश गवनेकर (तृतीय )-93 .07%, कक्षा चतुर्थ से आरोही उमेश सहस्रबुद्धे (प्रथम )-92 .6%, वैष्णवी किशोर खरवडे (द्वितीय )-92 .4%, आरोही मनोज चुनरिया (तृतीय )-85 .85%, कक्षा पंचम से परिधि विजय लामसे (प्रथम )-87 .5%, साहिल राधेश्याम खंडाईत (द्वितीय )-84 .75%, वेदांत उमाजी मुसले (तृतीय )-83 .75%, कक्षा षष्टम से सेजल संजय करमरकर (प्रथम )-95 .6%, रचना पुरुषोत्तम, हिंगने (द्वितीय )-94 .9%, वेदिका विलास ठाकरे (तृतीय)-91 .7%, कक्षा सप्तम से कृष्णा जगदीश ठाकरे (प्रथम)-89 .98%, मयुरी शामु रोहनकार (द्वितीय )89 .31%, नव्या प्रदीप गुर्वे (तृतीय )-85 .82%, कक्षा अष्टम से गौरी चंद्रशेखर गुर्वे (प्रथम )-87 .66%, तन्वी बबलू रुंघे (द्वितीय )86%, प्रियांशु दशरथ खंडाईत (तृतीय )-85 .66% रहा .प्रधानाचार्य अशोक कुमार लाखे ने सभी कक्षाओं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भैया बहिनों को एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले शेष सभी भैया बहिनों को एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय आचार्य परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी .

## सूचना

समस्त ग्रामीण जनों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चिचोली बड़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए साप्ताहिक बाजार की नीलामी गौशाला गोबर खाद की नीलामी एवं अस्थाई प्लाट की नीलामी दिनांक 28/03/2026 को स्थान ग्राम पंचायत भवन चिचोली बड़ में रखी गई है। जो भी इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग लेना चाहते है 11 बजे उपस्थित होकर नीलामी की प्रक्रिया में शामिल हो सकते है।

नियम एवं शर्ते लागू।

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती भारती शेंडे** | **श्रीमान नानाजी महाजन** | **पवन गोरे** |
| **सरपंच** | **उपसरपंच** | **सचिव** |
| **ग्राम पंचायत चिचोली बड़** | **ग्राम पंचायत चिचोली बड़** | **ग्राम पंचायत चिचोली बड़** |

## श्रीकृष्ण रुक्मिणी स्वयंवर में खुब झुमे श्रोता

**सौंसर 25 मार्च.** आदिशक्ति मां भवानी मंदिर मोहगांव हवेली में चैत्र नवरात्र महोत्सव अंतर्गत भागवताचार्य रितिका नागर (श्रीधाम वृन्दावन) इनके मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग में श्रीकृष्ण रुक्मिणी स्वयंवर संपन्न हुआ। स्वयंवर में श्रोतागण जमकर थिरके। आदिशक्ति मां भवानी मंदिर मोहगांव हवेली में चैत्र नवरात्र महोत्सव अंतर्गत भागवताचार्य रितिका नागर इनके मुखारविंद से चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भारी संख्या में श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही हैं। आज छठवें दिन की श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास रितिका नागर ने कालिया मर्दन, कंस वध की कथा का सुंदर वर्णन करते हुए इस कथा के पिछे का आध्यात्मिक महत्व बताया। श्रीकृष्ण रुक्मिणी स्वयंवर में उपस्थित श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया। कल गुरुवार 26 मार्च को श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम होगा। तथा शुक्रवार 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से हभप अशोक महाराज इनके श्रीमुख से गोपाल काला दहीहंडी तथा भव्य महाप्रसाद भंडारा के साथ आदिशक्ति मां भवानी मंदिर मोहगांव हवेली में चल रहे चैत्र नवरात्र महोत्सव का समापन होगा।

## कार्यालय तहसीलदार पांढुर्णा जिला पांढुर्णा (म0प्र0)

// रा0प्र0क्र0-2120/3-6/2025-26//

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक इश्वर पिता शोभाराम परिहार निवासी उमरीकला तहसील एवं जिला पांढुर्णा व्दारा मौजा लिंगाऐलेतीर प0ह0नं0 57 रा0नि0म0 पांढुर्णा स्थित भूमि ख0नं0 7/3 रकबा 1.242 हे0 भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में अमरसिंह पिता शोभारामसिंह जाति राजपुत वगैरा के नाम दर्ज है। उक्त भूमि के सहखातेदार अमरसिंह पिता शोभारामसिंह दिनांक 25/04/2025 को अविवाहित मृत्यु हो जाने से फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त फौती नामांतरण में सहखातेदार अमरसिंह पिता शोभारामसिंह जाति राजपुत के विधिक वारसान यदि कोई हो तो या अन्य किसी भी पक्षकारों को आवेदित भूमि के फौती नामांतरण किये जाने में आपत्ति हो तो दिनांक-20/03/2026 को समक्ष मे उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। नियत अवधि उपरांत प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक:- 20/03/2026
पेशी दिनांक:- 03/04/2026

**तहसीलदार**
**पांढुरना**





इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS SBI card क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ˜Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. *Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

Splendor+ WORLD'S NO.1 MOTORCYCLE

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

RS/Hero/06/25